
Series BD5AC/5




प्रश्न-पत्र कोड **4/5/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भारतीय संस्कृति में नदियों, जलाशयों, झीलों, तालाबों एवं कुओं का बहुत महत्त्व है । भारतीय समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पक्षों से नदियाँ और दूसरे जलस्रोत काफी गहरे से जुड़े हैं । जीवन के अधिकांश पक्ष जलाशयों के किनारे ही पूरे होते हैं । तालाबों ने हमारे सामाजिक जीवन को बहुत अधिक प्रभावित किया है । तालाब अपने जीवन के लिए मानसून एवं प्रकृति पर निर्भर रहते हैं । पहले समाज अपने अस्तित्व के लिए तालाबों पर निर्भर रहता था । तब उसे प्राकृतिक आपदा के समय पीने के पानी की समस्या से कम जूझना पड़ता था क्योंकि तालाबों में पानी का पर्याप्त भण्डार रहता था । उससे ग्रामीण पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहता था । पहले हमारा समाज प्रकृति के रहस्यों और उसकी शक्तियों के इर्द-गिर्द घूमता था । पानी, वायु, धूप को वह दैवी कृपा मानकर उसकी पूजा करता था । इसका अभिप्राय यह था कि वह मानव जीवन के लिए उपयोगी प्राकृतिक चीज़ों में भगवान को देखता था इसलिए वह उसे गंदा करने या जरूरत से अधिक इस्तेमाल करने का विरोधी था । तालाब निर्माण से लेकर उसकी रक्षा में लोक अपनी जिम्मेदारी समझता था । नल, ट्यूबवेल आदि के आने से पानी के परंपरागत स्रोतों की उपेक्षा हुई । लोग वर्षा जल संग्रह का पुराना तरीका भूलते गए जिससे नए-नए तरह के खतरे हमारे सामने आने लगे । अब सरकारी और ग़ैर-सरकारी स्तर पर फिर से तालाबों के महत्त्व को समझकर उसके लिए काम शुरू हुआ है ।

(i) तालाब अपने अस्तित्व के लिए निर्भर करते हैं :
- (A) भूगर्भ में स्थित जल पर
- (B) मानवीय कृपा-दृष्टि पर
- (C) मानसून और प्रकृति पर
- (D) नदियों और जलकूपों पर

(ii) निम्नलिखित में जल का प्राकृतिक स्रोत ***नहीं*** है :
- (A) नदी
- (B) झरने
- (C) तालाब
- (D) झील


collegedunia

(iii) हमारे समाज द्वारा प्रकृति को दैवी शक्ति के रूप में पूजने का क्या कारण है ?

(A) प्राकृतिक शक्तियों से भयभीत रहना

(B) प्रकृति के रहस्यों को न समझ पाना

(C) प्रकृति के कण-कण में ईश्वर का वास मानना

(D) मानवोपयोगी वस्तुओं को ईश्वर का प्रतिरूप मानना

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* भारतीय लोक मानस में तालाब एक स्थूल वस्तु न होकर जीवन का अविभाज्य अंग है ।

*कारण :* तालाबों और जलाशयों के देखरेख का काम पूरा समाज करता था ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कारण ग़लत है, लेकिन कथन सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(v) जल के परंपरागत स्रोतों की उपेक्षा का कारण है :

(A) इनका समाप्त हो जाना

(B) अशुद्ध जल का होना

(C) आधुनिक स्रोतों का होना

(D) वर्तमान जीवन-शैली


collegedunia

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

संबंधों के मामले में सलाह देने वाले पेशेवरों का भी यह मानना रहा है कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिनको आप जरा-से यत्न से रखें और समुचित मान-सम्मान दें तो हमारी खुशी का कारण बन सकते हैं । अपने निकट के रिश्तों या आत्मीय रिश्तों में सहयोग और सम्मान का भाव संबंधों को न सिर्फ प्रगाढ़ बनाता है, बल्कि दुख-सुख में एक सुंदर सहयोग का तंत्र भी बन सकता है । इनका साथ मन को आंतरिक संतोष और शांति भी देता है । इसलिए समय-समय पर किसी त्योहार के बहाने या जन्मदिन के समारोह के बहाने इनसे मेलजोल बनाए रखना चाहिए और आने वाले रिश्तेदारों को समुचित सम्मान देना चाहिए । जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में परिवार, रिश्तेदार ही तो हमारी सबसे बड़ी ताकत होते हैं जो परेशानियों में हमारी हिम्मत बढ़ाते हैं । मुसीबतों में हमारा समर्थन करते हैं और खुशियों को सौ गुना बढ़ा देते हैं । अकेले रहने वाला इंसान हमेशा चिंताग्रस्त रहता है । उसके पास अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए, उन्हें सँभालने के लिए कोई अपना नहीं होता । रिश्तेदारों के बीच रहकर ही व्यक्ति आपसी प्रेम के महत्त्व को, अपनी जिम्मेदारी को समझता है और मुसीबत में पड़े दूसरे लोगों की मदद करता है । इसलिए छोटी-छोटी बातों में रिश्तेदारों की अनदेखी करना, उनसे किनारा करना उचित नहीं है ।

(i) खुशी पाई जा सकती है यदि :

(A) रिश्तों के मामले में पेशेवरों की सलाह मानें

(B) रिश्तों को प्रेमपूर्वक समुचित मान-सम्मान से बनाए रखें

(C) जो रिश्ते बोझ हैं उन्हें भी समझाकर अपने मन के अनुसार ढालें

(D) दोस्तों के साथ अधिक-से-अधिक समय बिताएँ



collegedunia

(ii) संबंधों में परस्पर सहयोग और सम्मान का भाव किस कार्य की पूर्ति करता है ?

I. रिश्तों को घनिष्ठ बनाता है

II. बेहतरीन सहयोग का तंत्र बनता है

III. अड़ोस-पड़ोस भी आपकी मदद करता है

IV. ज्यादा लोग आपका ध्यान रखते हैं

**विकल्प :**

(A) I, IV

(B) II, III

(C) III, IV

(D) I, II

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर, सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* समय-समय पर अपने सगे-संबंधियों से त्योहार, जन्मदिन या अन्य समारोह के बहाने मिलते रहना चाहिए ।

*कारण :* ये मिलन मन को संतोष और शांति देते हैं ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(iv) जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में संबंधी हमारी सबसे बड़ी ताकत क्यों हैं ?

(A) संकटों में समर्थन और सहयोग के लिए

(B) समाज में अपनी ताकत दिखाने के लिए

(C) अपनी जिम्मेदारियों को आसानी से समझने के लिए

(D) सुख-दुख में सच्चे हृदय से साथ देने के लिए


collegedunia

(v) निम्नलिखित कथनों में गद्यांश के विचारों से कौन-सा/से विचार मेल खाते हैं ? उचित विकल्प का चयन करके लिखिए :

I. आत्मीय रिश्तेदार सुख-दुख के सच्चे साथी होते हैं ।

II. अकेला व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता ।

III. रिश्तेदारों से त्योहारों के अवसर पर ही मिलना चाहिए ।

IV. रिश्तेदार सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करना सिखाते हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और III

(C) II और IV

(D) I और IV

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'साधु संतों का काम <u>धर्म से विमुख हो रहे लोगों</u> को रास्ते पर लाना है ।' — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

(ii) 'ठाकुरबारी में भजन-कीर्तन की आवाज़ बराबर <u>गूँजती रहती है</u> ।' — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया-विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध



collegedunia

(iii) ‘<u>दीवाली का पहला</u> दीप ठाकुरबारी में ही जलता है ।’ — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

(iv) ‘<u>अन्न-वस्त्र की पहली भेंट</u> किसी विशेष अवसर पर ठाकुरजी के नाम दी जाती है ।’ — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध

(D) क्रिया पदबंध

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) <u>हरिहर काका की प्रतिदिन खूब अच्छी तरह</u> सेवा करें ।

(B) हरिहर काका की <u>प्रतिदिन खूब अच्छी तरह</u> सेवा करें ।

(C) हरिहर काका की <u>प्रतिदिन खूब अच्छी तरह सेवा करें</u> ।

(D) <u>हरिहर काका की प्रतिदिन</u> खूब अच्छी तरह सेवा करें ।

**4.** निर्देशानुसार ‘रचना के आधार पर वाक्य-भेद’ पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) उन्हें यह महसूस होता है कि ठाकुरबारी में प्रवेश करते ही वे पवित्र हो जाते हैं ।

(B) मन बहलाने के लिए कभी-कभी मैं भी वहाँ जाता हूँ ।

(C) भोग लगाने के नाम पर हलवा-पूड़ी खाते हैं और आराम से पड़े रहते हैं ।

(D) यदि उन्हें कुछ आता है तो सिर्फ बात बनाना आता है ।


collegedunia

(ii) "जब फ़सल तैयार हो जाती है तब ठाकुर जी के नाम का 'अगउम' निकालकर ही अनाज घर ले जाते हैं ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद है :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iii) "मैं वहाँ जाता हूँ लेकिन वहाँ के साधु-संत मुझे फूटी आँखों नहीं सुहाते ।" — रचना के आधार पर इसका वाक्य-भेद होगा :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) हरिहर काका के चार भाई हैं और सब साथ में रहते हैं ।

(B) हरिहर काका के पास कुल साठ बीघे खेत हैं ।

(C) ये कृषि पर निर्भर हैं इसीलिए संयुक्त परिवार में रहते हैं ।

(D) यदि हरिहर काका की तबीयत खराब हो जाती तो वे मुसीबत में पड़ जाते ।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चे पढ़-लिख रहे होते या धमाचौकड़ी मचाते । | (I) | सरल वाक्य |
| 2. | मन-ही-मन उन्होंने उस भतीजे की सराहना की जिसके बहाने पकवान मिलने की उम्मीद थी । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | बीमारी से उठे हरिहर काका का मन स्वादिष्ट भोजन के लिए बेचैन था । | (III) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(II), 2-(I), 3-(III)


collegedunia

**5.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) हथियार डालना – हथियार धरती पर रखना

(B) हाथ फैलाना – याचना करना

(C) हवा से बातें करना – सुहावने मौसम का आनंद लेना

(D) हाथ धोना – हाथ स्वच्छ रखना

(ii) 'भारी संकट से बच जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) रात-दिन एक करना

(B) बगलें झाँकना

(C) साफ़ मुकर जाना

(D) बाल-बाल बचना

(iii) निम्नलिखित में 'बदल जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) आँखें फेरना

(B) आँखें दिखाना

(C) आँखों में धूल झोंकना

(D) आँखें चुराना

(iv) 'आज के युग में स्वार्थी लोग अपना काम बनाने में लगे रहते हैं ।' इस वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

(B) एड़ी-चोटी का जोर लगाना

(C) अपना उल्लू सीधा करना

(D) उँगली उठाना


collegedunia

(v) "अध्यापिका के कक्षा से बाहर जाते ही छात्रों ने __________ लिया ।" वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) आसमान सिर पर उठाना

(B) कमर कसना

(C) आग में घी डालना

(D) आगे-पीछे फिरना

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा मुहावरा "चुनौती देकर अपनी बात कहना" अर्थ के लिए उपयुक्त होगा ?

(A) टका-सा जवाब देना

(B) घाव पर नमक छिड़कना

(C) गाल बजाना

(D) डंके की चोट पर कहना

**6.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'प्रयोगशाला' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) कर्मधारय समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'निस्संदेह' समस्त-पद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास


collegedunia

(iii) 'कार्यकुशल' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) कार्य है जो कुशल

(B) कार्य में कुशलता है जिसकी

(C) कार्य में कुशल

(D) कार्य में कुशलतावाला

(iv) सही युग्म चुनकर लिखिए :

(A) सेनानायक – बहुव्रीहि समास

(B) त्रिवेणी – द्विगु समास

(C) विद्याधन – द्विगु समास

(D) घनश्याम – तत्पुरुष समास

(v) निम्नलिखित में 'महाराजा' का सही युग्म है :

(A) महान राजा – तत्पुरुष समास

(B) महान और राजा – द्वंद्व समास

(C) महान है जो राजा – बहुव्रीहि समास

(D) महान है जो राजा – कर्मधारय समास

**7.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'तताँरा-वामीरो कथा' से कौन-सा/से वाक्य मेल खाता/खाते है/हैं ?

I. तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था ।

II. एक ही गाँव के होने के कारण उनका विवाह नहीं हो सकता था ।

III. वामीरो मधुर गीत गाती थी ।

IV. पासा गाँव में पशु-पर्व का आयोजन हुआ ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और II

(C) केवल IV

(D) I, III और IV


collegedunia

(ii) 'कारतूस' एकांकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए :

*कथन :* सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह गया ।

*कारण :* कर्नल ने सोचा नहीं था कि वज़ीर अली से इस प्रकार मुलाकात होगी और वह उसे गिरफ़्तार नहीं कर पाएगा ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

**8.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मगर टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात । पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती । मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके-हलके झोंके, फुटबाल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबाल की वह तेज़ी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता । वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फ़ज़ीहत का अवसर मिल जाता । मैं उनके साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो । उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले । हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती । फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता था ।

(i) लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि टाइम-टेबिल बनाना और उस पर अमल करना अलग-अलग बातें हैं ?

(A) टाइम-टेबिल बनाना सरल कार्य नहीं है और उस पर अमल करना उससे भी कठिन है ।

(B) टाइम-टेबिल तो सब बना लेते हैं लेकिन उसके अनुरूप दिनचर्या निर्वाह सबके बस का नहीं ।

(C) टाइम-टेबिल बनाने में पेन ही उठाना होता है अमल करने में मन-मस्तिष्क लगाना होता है ।

(D) टाइम-टेबिल के अनुरूप कार्य करने में बहुत कठिनाई होती है ।

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* मैदान में पहुँचते ही छोटा भाई सब कुछ भूल जाता ।

*कारण :* खेल का मैदान, वहाँ की हरियाली, हवा और स्वच्छंदता छोटे भाई को अपने आगोश में समेट लेती ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(iii) भाई साहब को छोटे भाई को उपदेश देने का मौका मिल जाता, जब :

(A) छोटा भाई टाइम-टेबिल बना लेता ।

(B) वह टाइम-टेबिल के अनुसार चलता ।

(C) टाइम-टेबिल-पुस्तकों से मुँह मोड़ लेता ।

(D) पढ़ाई के लिए बैठता और नहीं पढ़ता ।

(iv) छोटा भाई अपने बड़े भाई से दूर रहने का प्रयास क्यों करता है ?

(A) बड़े भाई की डाँट-डपट के कारण

(B) बड़े भाई साहब के फेल होने के कारण

(C) प्रधानाचार्य की शिकायत के कारण

(D) दोनों भाइयों का एक ही कक्षा में होने के कारण

(v) गद्यांश के संदर्भ में स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | सिर पर नंगी तलवार लटकी रहती । | (I) | खेलकूद से प्रेम |
| 2. | नसीहत और फ़ज़ीहत का अवसर मिलता । | (II) | कथानायक |
| 3. | मोह-माया का बंधन | (III) | बड़े भाई साहब |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(I), 2-(III), 3-(II)

**9.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कबीर ने कस्तूरी मृग के उदाहरण से क्या समझाया है ?

(A) कस्तूरी मृग जंगल में कस्तूरी खोजता है ।

(B) हृदय में आत्मा के रूप में ही परमात्मा हैं ।

(C) हिरन की नाभि में ही कस्तूरी पाई जाती है ।

(D) जगह-जगह खोजने से परमात्मा मिल जाते हैं ।

(ii) सुमित्रानंदन पंत ने पहाड़ पर झरनों की किस रूप में कल्पना की है ?

(A) दूध की छोटी नदियों के रूप में

(B) चाँदनी में फूलों की बरसात के रूप में

(C) मोतियों की लड़ियों के रूप में

(D) सोनजूही की बेल के रूप में



collegedunia

**10.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती ।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती ।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) पद्यांश के अनुसार उदार किसे माना गया है ?

(A) सभ्य व्यक्ति

(B) परोपकारी व्यक्ति

(C) प्रसिद्ध व्यक्ति

(D) मिलनसार व्यक्ति

(ii) देवी सरस्वती किसका गुणगान करती है ?

(A) संगीत का

(B) गायकों का

(C) सहृदयी का

(D) ज्ञानी का

(iii) उदार के प्रति धरती का भाव है :

(A) संवेदनशीलता

(B) प्रेम

(C) मित्रता

(D) कृतज्ञता


collegedunia

(iv) रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए :

सब जगह अपने लिए न जीकर दूसरों के लिए जीने वालों की __________ गूँजती है ।

(A) चहलपहल

(B) कीर्ति

(C) रौनक

(D) अखंडता

(v) "अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे" — पंक्ति का भाव है :

(A) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का प्रसार करना

(B) आध्यात्मिक विचारों को विश्व में प्रसारित करना

(C) परमात्मा की अखंडता का उल्लेख करना

(D) आत्मा को परमात्मा का अंश बताना

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) हरिहर काका के परिवार ने ठाकुरबारी से लौटने के बाद उन्हें 'बहुमूल्य वस्तु' जैसे सहेज कर रखा । यदि उनका परिवार पहले से ही उन्हें उचित प्यार-आदर देता तो स्थिति कैसी होती ? कहानी के आधार पर लिखिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को विद्यालयी जीवन क्यों अच्छा नहीं लगता था ? कारण सहित उत्तर देते हुए लिखिए कि आप अपने विद्यालयी जीवन को रोचक कैसे बना सकते हैं ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि टोपी शुक्ला के बार-बार फेल होने के पीछे क्या कारण रहे होंगे । शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए अपने सुझाव भी दीजिए ।



collegedunia

**12.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता की पंक्ति "साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई" में किस स्थिति का वर्णन किया गया है ? इसमें सैनिक के हृदय की कौन-सी भावना व्यक्त हुई है ?

(ख) 'आत्मत्राण' कविता के माध्यम से कवि ने अपने अंतर्मन की भावना को किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?

(ग) कंपनी बाग की 'तोप' से हमें क्या जानकारी मिलती है ? उससे मिलने वाली सीख का भी उल्लेख कीजिए ।

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए कि 26 जनवरी 1931 को बालिका विद्यालय में झंडोत्सव कैसे मनाया गया और इस दिन स्त्री-समाज का क्या विशेष योगदान रहा ?

(ख) आदर्शवादी लोगों ने समाज के लिए क्या किया है ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) कलाकार या फ़िल्म को लेकर शैलेंद्र की सोच आम लोगों से हटकर क्यों थी ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) खेल और अनुशासन

संकेत-बिंदु

- अनुशासित व्यवहार
- सफलता का रहस्य
- सामूहिकता की भावना


collegedunia

(ख) प्रकृति से लगाव

संकेत-बिंदु

- आवश्यकता
- प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए जरूरी
- तालमेल जरूरी

(ग) पुस्तकें पढ़ने की आदत

संकेत-बिंदु

- ज्ञान-विज्ञान का स्रोत
- सच्ची मित्र
- पढ़ने की आदत का विकास
- ज्ञानार्जन का लाभ

**15.** (क) आप महिमा/दिनेश हैं । आपने नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखा था जिसमें आपके मोहल्ले के पार्क की दुर्व्यवस्था, सुचारु बिजली का अभाव, अस्वच्छता आदि की जानकारी दी थी । आपके पत्र के बाद पार्क के रखरखाव पर पूरी तरह से ध्यान दिया गया और लोगों के सहयोग से हरा-भरा बनाया जा रहा है । अत: नगर-निगम अधिकारी को शीघ्रता से कदम उठाने के लिए लगभग 100 शब्दों में धन्यवाद-पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप तुहिना/तुषार हैं । आजकल बाज़ार में फलों और सब्ज़ियों को रंग, दवाइयों आदि में पकाकर बेचा जा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है । इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी हिंदी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*



collegedunia

16. (क) "एक बार जब आपको विद्यालय से लौटते हुए पैसों से भरा बैग मिला तब ..." इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर पूरा कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका एटीएम कार्ड खो गया है । इसकी जानकारी देते हुए बैंक खाते से किसी भी प्रकार के ऑनलाइन भुगतान और नकद निकासी पर रोक लगाने हेतु बैंक प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

17. (क) आपको अपनी 'रेसिंग' साइकिल बेचनी है । उससे संबंधित जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी बाज़ार में नए किस्म के बैग लाना चाहती है, उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

18. (क) विद्यालय के खेल सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना प्रस्तुत कीजिए कि नवीं-दसवीं कक्षा के बीच अग्रिम सप्ताह अन्तर्विद्यालयी 'क्रिकेट मैच' खेला जाएगा । उसके लिए अधिकाधिक छात्रों की उपस्थिति वांछनीय है । *4*

**अथवा**

(ख) 'गाँधी स्मारक निधि' की ओर से अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में विद्यालय में भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । कक्षा छह से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इस जानकारी से अवगत कराने हेतु एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए । *4*


collegedunia